महान आविष्कारक

हीरो

महान आविष्कारक

हीरो

विषय-सूची

"अरे, सोफी, ज़रा इसकी जांच करो," ल्यूक ने कहा. उसने अपनी दोस्त, सोफी को एक पेन के आकार का छोटा औज़ार दिखाया. आविष्कारक के अनुसार यह छोटा सा औज़ार पांच सौ अलग-अलग काम कर सकता है. वो तिलचट्टों से लेकर टिन तक को काट सकता है. उसका नाम है - अमेज़-ऑल! शायद हमें इसी की तलाश थी."

सोफी ने सिर हिलाया. "हम उसे नहीं खोज रहे थे."

ल्यूक और सोफी "उपकरण-मेले" में थे. वे अपने स्कूल के अखबार के लिए एक दिलचस्प कहानी की तलाश में थे. सोफी उस नवीनतम आश्चर्यजनक गैजेट के बारे में नहीं लिखना चाहती थी. वो किसी विशेष चीज़ के बारे में लिखना चाहती थी. उन्होंने कई स्टाल देखीं, लेकिन फिर भी उन्हें सही चीज़ नहीं मिली.

नवीनतम आश्चर्य गैजेट - अमेज़-ऑल **करीब 500 अलग-अलग कार्य कर सकता है!**

"चलो अब हम ऊपर वाली मंज़िल की स्टाल्स पर चलते हैं," सोफी ने कहा.

"उससे पहले मैं एक कोल्ड-ड्रिंक पीना चाहता हूँ," ल्यूक ने कहा. उसने हॉल के दूसरी तरफ एक वेंडिंग-मशीन देखी.

सोफी और ल्यूक ने मशीन के पास एक महिला को अपने पर्स के साथ खड़े देखा. महिला ने एक स्टिकर निकाला और उसे वेंडिंग मशीन में पैसे डालने वाले स्लॉट के पास चिपका दिया.

उस स्टिकर पर लिखा था **"थैंक्स, हीरो!"** यानि हीरो का शुक्रिया!

ल्यूक और सोफी ने इमारत के अन्य हिस्सों में भी वैसे ही स्टिकर देखे थे. उन्होंने वे स्टिकर प्रवेश द्वार के स्वचालित (आटोमेटिक) दरवाजे, और लॉबी में एक जेट विमान के मॉडल पर भी चिपके देखे थे.

वे वेंडिंग-मशीन के पास गए. महिला अपने चिपकाए स्टिकर को देखकर खुश थी. सोफी अपनी जिज्ञासा को रोक नहीं पाई और उसने पूछा, "माफ़ करें. ये स्टिकर किस लिए हैं?"

सोफी के सवाल से महिला काफी प्रसन्न दिखी. "चलो उस स्टिकर ने लोगों को सोचने के लिए तो मज़बूर किया," महिला ने समझाया. "कई लोग सोचते हैं कि हमने केवल हाल ही में मशीनों का आविष्कार करना शुरू किया है. लेकिन हमारे द्वारा उपयोग की जाने वाली कई मशीनें 2,000 साल पहले अविष्कार हुई थीं. अलेक्जेंड्रिया के प्राचीन ग्रीक आविष्कारक हीरो ने ऐसे गैजेट्स (उपकरण) बनाए थे जिन्हें हम आज भी इस्तेमाल करते हैं.” फिर वो महिला उस स्टिकर के पास गई.

"क्या आप एक आविष्कारक हैं?" ल्यूक से पूछा.

"सच में नहीं," महिला मुस्कुराई." मेरा नाम एंजेला रिचर्ड्स है. मैं हीरो प्रशंसक सोसाइटी की अध्यक्ष हूं. हम लोगों को यह याद दिलाना चाहते हैं कि हीरो एक महान आविष्कारक था. आज प्रतिदिन उपयोग की जाने वाली कई चीजें उसके विचारों पर आधारित हैं. हीरो वास्तव में अपने समय से बहुत आगे था." फिर उन्होंने भीड़ को देखा. "काश हर कोई यह बात जानता!"

लोग सोचते हैं कि लोगों ने हाल ही में गैजेट्स और मशीनों का आविष्कार शुरू किया है.

ल्यूक ने अपना सिक्का वेंडिंग-मशीन में डाला और अपनी कोल्ड ड्रिंक प्राप्त की.

"हीरो ने पहली सिक्का संचालित वेंडिंग-मशीन का आविष्कार किया था," मिस रिचर्ड्स ने गर्व के साथ कहा. ऐसा लगा जैसे मानो उन्होंने खुद ही ऐसा किया हो.

"दो हजार साल पहले?" ल्यूक ने पूछा.

मिस रिचर्ड्स ने सिर हिलाया. "हाँ, वो आज जैसी इलेक्ट्रिक वेंडिंग-मशीन नहीं थी, लेकिन मशीन का विचार वही था."

उन्होंने अपनी बात जारी रखी, "हीरो ने स्वचालित दरवाजे, भाप से चलने वाला इंजन, बात करने वाली मूर्तियाँ, यांत्रिक पक्षी, रोबोट, एक हवा से चलने वाला बाजा, और कई अन्य महान चीज़ें इज़ाद की थीं."

"वाह!" ल्यूक ने कहा. फिर उसने सोफी की ओर देखा. वो क्या सोच रही थी?

सोफी मुस्करा रही थी. "मुझे लगता है कि अब हमें अपनी कहानी मिल गई है. क्या आप हमें हीरो के बारे में कुछ और बताएंगी ताकि हम उनके बारे में अपने स्कूल के अखबार में लिख सकें?"

2,000 साल पहले सबसे पहली सिक्का संचालित वेंडिंग-मशीन का आविष्कार किया गया था.

'मुझे हीरो के बारे में जानकारी देने में बहुत मजा आएगा!" मिस रिचर्ड्स ने कहा. "चलो, पहले हम हीरो के सबसे प्रसिद्ध आविष्कार - **"आइलीपाइल"** को देखें. आइलीपाइल का अर्थ होता है **'विंड बॉल'** यानि हवा से घूमने वाली गेंद - और वो आधुनिक जेट इंजन का आधार है. उसका मॉडल पांचवीं मंजिल पर है."

मिस रिचर्ड्स ने अपने बैग में से "थैंक्स, हीरो" के और स्टिकर निकाले. उनमें से एक उन्होंने सोफी को भी दिया.

"क्या तुम ऊपर जाते समय इस स्टिकर को लिफ्ट के दरवाज़े पर चिपका सकती हो?" मिस रिचर्ड्स ने पूछा. "मुझे लगता कि हीरो के बनाए स्वचालित दरवाजे आधुनिक दरवाज़ों से कहीं अधिक प्रभावशाली थे. देखो, मुझे अभी कुछ और स्टिकर चिपकाने हैं और फिर मेरा काम ख़त्म हो जाएगा, हम जल्दी ही दुबारा मिलेंगे!" उन्होंने जाने से पहले कहा.

"मुझे हीरो के बारे में प्रचार करना पसंद है! "

हीरो प्रशंसक सोसायटी की मीटिंग पांचवीं मंजिल पर एक बड़े कमरे में थी. एक दीवार पर हीरो के आविष्कारों के चित्र चिपके थे. ल्यूक और सोफी इतने सारे आविष्कारों से काफी आश्चर्यचकित थे. वहां पर खिलौनों, फव्वारों, सर्वेक्षण यंत्रों और मशीनों के चित्र थे. और साथ में गणित के सूत्र भी थे!

"वो हवा की गेंद होगी," ल्यूक ने कहा. फिर उसने कमरे के एक छोर पर एक अजीब यंत्र की ओर इशारा किया.

गैस बर्नर के ऊपर पानी का एक बड़ा, सील किया हुआ गोला रखा था. उस खोखली गेंद में गर्म पानी के दो पाइप लगे थे. गेंद के दोनों विपरीत छोरों पर दो छोटे, L-आकार के ट्यूब लगे थे थे. सोफी ने गेंद को छुआ. उसने पाया की गेंद तेज़ी से घूम सकती थी.

हीरो के आविष्कार सरल और व्यावहारिक से लेकर अद्भुत और अविश्वसनीय थे.

"लगता है तुमने उसे खुद खोज निकाला!" कमरे में तेज़ी से घुसते हुए मिस रिचर्ड्स ने कहा. "शुरू में वो कोई बड़ी चीज़ नहीं लगती है क्योंकि वो इतनी सरल है. और यही सरलता उसकी सबसे बड़ी खूबी है. मैं तुम्हें उसे चलाकर दिखाती हूँ. अपनी हरेक बैठक में हम उसे चलाते हैं." फिर मिस रिचर्ड्स ने मशीन पर लगे एक लीवर को धकेला. "हाँ, उस समय हीरो के पास पानी को गर्म करने के लिए गैस बर्नर तो नहीं था, लेकिन हमारे लिए लकड़ी की अपेक्षा गैस बर्नर से आग जलाना आसान है."

वो हंसी. "पर उसके अलावा वो बिल्कुल हीरो की मशीन जैसे ही काम करता है."

जब पानी गर्म होता है तो भाप दो पाइपों के माध्यम से गेंद में जाती है. भाप दो L-आकार की ट्यूबों के ज़रिए बाहर निकलती है, जिससे गेंद तेज़ी से घूमती है. जैसे-जैसे पानी और गर्म हुआ वैसे-वैसे और अधिक भाप बनी. फिर गेंद और भी तेज़ी से घूमी.

"विंड-बॉल" आज के इंजन का आधार है.

"यह भाप से चलने वाला पहला इंजन था!" मिस रिचर्ड्स ने कहा. "जेट इंजन और स्पिनिंग गार्डन स्प्रिंकलर में भी इसी सिद्धांत पर आधारित हैं. यह ऊर्जा उत्पादन का एक सरल तरीका है!"

फिर उन्होंने आग बंद कर दी.

"कोई इस बात पर विश्वास नहीं करेगा कि उसके बाद पहले स्टीम इंजन को बनने में कम-से-कम 1,500 साल लगे?" मिस रिचर्ड्स ने पूछा.

"हीरो ने खुद स्टीम इंजन का निर्माण क्यों नहीं किया?" ल्यूक ने पूछा. "क्या उसे उस आविष्कार का उपयोग नहीं पता था?"

स्टीम और जेट इंजनों के साथ-साथ गार्डन स्प्रिंकलर में भी वही सिद्धांत उपयोग होता है.

"प्राचीन काल में स्टीम इंजन की आवश्यकता ही नहीं थी क्योंकि तब गुलाम और दास सभी काम करते थे. चूंकि उसकी कोई वास्तविक आवश्यकता नहीं थी, इसलिए किसी ने उसे विकसित भी नहीं किया. उस समय, हवा से घूमने वाली गेंद एक ऐसा आविष्कार था जो कोई असली काम नहीं कर सकता था! फिर लोग, हीरो के काम को सदियों के लिए भूल गए," मिस रिचर्ड्स ने दुखी होकर कहा.

"हीरो का विचार अपने समय से बहुत आगे था," सोफी ने जल्दी से नोट लेते हुए कहा.

"बिल्कुल ठीक!" मिस रिचर्ड्स ने हामी जताई. "लेकिन उन्होंने कुछ ऐसी चीजों का भी आविष्कार किया, जिन्होंने उस काल लोगों को बहुत आश्चर्यचकित किया. उनके कुछ मॉडल मैं आपको दिखाऊंगी."

हीरो की हवा में घूमने वाली गेंद का विचार अपने समय के बहुत आगे था!

मिस रिचर्ड्स उन्हें वापस दीवार के पास ले गईं. उन्होंने बच्चों को एक पुरानी स्लॉट मशीन, एक थिएटर के अंदर मूर्तियां और स्वचालित दरवाजों के कुछ चित्र दिखाए.

"हीरो ऐसी मशीनों को बनाने में दक्ष था जो गति देने के बाद खुद अपने आप चल सकती थीं," उन्होंने बताया.

'हीरो की मशीनें भार, आग, पानी और भाप का इस्तेमाल करती थीं. कुछ काफी सरल थीं जैसे मंदिरों में इस्तेमाल होने वाली यह स्लॉट मशीन," मिस रिचर्ड्स ने समझाया.

"यह कैसे काम करती है?" ल्यूक ने पूछा.

"हीरो के कई मशीनों की तरह, यह भी एक सरल संतुलन प्रणाली का उपयोग करती है." मिस रिचर्ड्स ने कहा.

एक बार शुरू होने के बाद हीरो के कई आविष्कार अपने दम पर ही चलते थे.

"इस यंत्र की झिरी में एक सिक्का डालने के बाद पवित्र पानी मिलता था. सिक्का एक पलड़े में जाकर गिरता था जो सावधानीपूर्वक एक संतुलित बीम के एक छोर से लटका होता था," मिस रिचर्ड्स ने कहा. "फिर सिक्के के वजन से बीम का वो छोर नीचे चला जाता था और दूसरा छोर ऊपर उठता था."

"उठा हुआ सिरा एक वाल्व खोलता था, जिससे पानी बाहर निकलता था. जब सिक्का पलड़े से नीचे गिर जाता था तो बीम फिर से संतुलित हो जाती थी. फिर वाल्व बंद होता था, और पानी का प्रवाह बंद हो जाता था," मिस रिचर्ड्स ने कहा.

"यह तो बहुत आसान लगता है! "सोफी ने कहा. लेकिन वो देख सकती थी कि मिस रिचर्ड्स के पास साझा करने के लिए और कई बढ़िया चीजें थीं.

हीरो की पवित्र जल बेचने वाली मशीन दुनिया की पहली वेंडिंग-मशीन थी.

मिस रिचर्ड्स ने मंदिर के दरवाजे की ओर इशारा किया. "इस स्वचालित दरवाजे के डिजाइन के बाद हीरो प्राचीन दुनिया का एक नामी-गिरामी आविष्कारक बन गया. उसने दरवाजा खुलने पर तुरही बजने की तकनीक भी विकसित की!"

"क्या वह पहली स्वचालित घंटी थी?" सोफी ने मजाक में कहा.

"क्या वो दुनिया का पहला चोर अलार्म था?" ल्यूक ने जोड़ा.

"शायद वो दोनों था," मिस रिचर्ड्स ने मुस्कुराते हुए कहा. "हीरो ने अपने दरवाजे को आग, हवा, पानी, भार और पुली की प्रणाली द्वारा काम करवाया." उन्होंने ड्राइंग के विभिन्न हिस्सों की और इशारा करके समझाया. "पुजारी वेदी में आग लगाता था. वेदी के नीचे पानी का एक डिब्बा होता था."

हीरो के आविष्कार आग, भार, पानी और घिरनियों पर निर्भर होते थे.

मिस रिचर्ड्स ने अपनी बात जारी रखी. "डिब्बे में भरी हवा, आग से गर्म होती थी. गर्म हवा, अपने दबाव से पानी को एक बाल्टी में धकेलती थी. जब बाल्टी काफी भर जाती थी तो वो जंजीरों को खींचकर दरवाजे को खोलती थी. बेशक, लोगों को सिर्फ जलती आग दिखती थी और फिर थोड़ी देर के बाद जादुई तरीके से दरवाजा खुल जाता था!"

हीरो के आविष्कारों ने सभी को चकित कर दिया. कई को लगा कि वे जादू से चलते थे.

ल्यूक ने दीवार को गौर से देखा. "ज़रा इस छोटे थिएटर की योजना के बारे में भी समझायें?"

मिस रिचर्ड्स की आँखें चमक उठीं. उन्होंने कहा, "यह थिएटर अद्भुत है! हीरो ने एक वास्तविक शो दिखाने के लिए इसका आविष्कार किया था. इसके दरवाजे खुलते और बंद होते है. अंदर छोटे-छोटे दिए जलते हैं और छोटी-छोटी कठपुतलियां गोल-गोल घूमती हैं और शोर मचाती हैं," उन्होंने कहा.

मिस रिचर्ड्स ने कहा, "पूरा उपकरण गुरुत्वाकर्षण द्वारा संचालित था और वो वज़नों, रस्सियों, पहियों, और रेत के उपयोग से चलता था."

"इतने सारे विचार हीरो के दिमाग में कहां से आए? और उसने उनका परीक्षण कैसे किया?" ल्यूक ने पूछा.

"हीरो, अलेक्जेंड्रिया नाम के एक शहर में रहता था. उस काल में वो विचारों वाला शहर था." उसके बाद मिस रिचर्ड्स ने अलमारी में एक लंबी, पतली दराज खोली. "मैं तुम्हें प्राचीन अलेक्जेंड्रिया के कलाकारों द्वारा बनाए चित्र दिखाऊंगी ताकि तुम उस शहर को देख सको," उन्होंने कहा.

हीरो, ईसा से एक शताब्दी बाद एलेक्जेंड्रिय नाम के विचारों वाले शहर में रहता था.

"दो हजार साल पहले," मिस रिचर्ड्स ने एक पुराने नक्शे की ओर इशारा करते हुए कहा, "मिस्र के तट पर अलेक्जेंड्रिया नाम का एक बहुत बड़ा शहर था. वहां बहुत से लोग व्यापार के लिए आते थे. वो शहर वैज्ञानिकों, विचारकों और महान दार्शनिकों को चुंबक की तरह आकर्षित करता था."

मिस रिचर्ड्स ने जारी रखा. "हमें पता है कि अलेक्जेंड्रिया में एक पुस्तकालय और एक संग्रहालय भी था. संग्रहालय में कई विषयों की क्लासें लगती थीं. वो एक ऐसी जगह थी जहां विभिन्न रुचियों वाले लोग अपने विचारों को एक-दूसरे से साझा करने के लिए आते थे."

मिस्र के तट पर बसा अलेक्जेंड्रिया काफी हलचल वाला एक यूनानी शहर था.

"क्या हीरो संग्रहालय का सदस्य था?" सोफी ने पूछा.

"हाँ. हीरो सिर्फ एक आविष्कारक ही नहीं था. उसने गणित और विज्ञान भी पढ़ाया था."

"तो क्या पहली सदी में भी लोगों को होमवर्क करना पड़ता था!" ल्यूक हंसा.

"क्या गणित और विज्ञान की पढ़ाई ने हीरो को आविष्कारों के लिए नए-नए विचार दिए?" सोफी ने पूछा.

"मुझे यकीन है कि उस पढ़ाई से हीरो को ज़रूर मदद मिली होगी. विभिन्न क्षेत्रों के कई विशेषज्ञों के साथ हीरो काम करता था. वो अपने विचार उनके साथ साझा करता था और दूसरे लोग समस्याओं के हल में, हीरो की मदद करते थे," मिस रिचर्ड्स ने कहा. "लेकिन संग्रहालय ही वहां विचारों को साझा करने का एकमात्र स्थान नहीं था. हीरो ने अन्य आविष्कारों के साथ अपने विचार साझा करने के लिए कई पुस्तकें भी लिखीं. एक पुस्तक में उसने एक महान आविष्कारक बनने के लिए टिप्स भी दिए."

कई महान विचारक अपने विचारों को साझा करने के लिए अलेक्ज़ेंड्रिया आते थे.

मिस रिचर्ड्स ने अपनी बात जारी रखी, "हीरो ने लिखा कि आविष्कारकों को विभिन्न नज़रियों से चीजों को देखना चाहिए. उन्हें प्रयोग करने, रिकॉर्ड रखने, मॉडल बनाने, सिद्धांतों पर चर्चा करने, विचारों की तुलना और उन्हें साझा करने के बारे में सोचना चाहिए. कभी-कभी हीरो ने "हवा-गेंद" जैसे मॉडल भी बनाए क्योंकि वो विचार उसे बेहद दिलचस्प लगे. एक अच्छे आविष्कारक के रूप में हीरो हमेशा बहुत जिज्ञासु था."

"बाद में उस लाइब्रेरी का क्या हुआ?" ल्यूक ने पूछा. "वो सभी किताबें अब कहाँ हैं?"

अलेक्जेंड्रिया का पुस्तकालय और संग्रहालय, प्राचीन दुनिया में लिखित पुस्तकों का सबसे बड़ा संग्रह था.

"युद्ध के दौरान पुस्तकालय और संग्रहालय दोनों नष्ट हो गए," मिस रिचर्ड्स ने कहा, "हीरो के अधिकांश नोट्स और आविष्कारों के रिकॉर्ड एक हजार पांच सौ साल से अधिक समय तक के लिए खो गए."

"पर हीरो के विचार बच गए, और आज भी हम उनका उपयोग करते हैं," सोफी ने कहा.

"अगर वो नहीं खोए होते, तो कल्पना करें कि कितना कुछ और संभव होता!" ल्यूक ने कहा.

"हाँ," मिस रिचर्ड्स ने अपना सिर हिलाते हुए कहा. "ज़रा सोचो तब कितनी अन्य नई चीजों का आविष्कार हुआ होता."

हेडलाइंस में हीरो

स्कूल के अखबार का अगला अंक आने तक स्कूल में हर जगह "थैंक्स हीरो" के स्टिकर दिखाई देने लगे थे. वे स्वचालित दरवाजों, पानी के फव्वारों, और वेंडिंग-मशीनों पर दिखते थे. यहां तक कि पुस्तकालय में भी स्टीम ट्रेन और जेट इंजनों के बारे में बच्चों ने पुस्तकें पढ़ीं थीं.

ल्यूक को छोड़कर स्कूल में कोई नहीं था. सोफी और अखबार के संपादक को "थैंक्स हीरो" के स्टिकर का क्या मतलब था, यह पता था. हीरो कौन था? हर कोई उसके बारे में अटकलें लगा रहा था और यह अनुमान लगाने की कोशिश कर रहा था कि उसे अगला स्टिकर कहां दिखाई देगा.

रहस्य को और रोचक बनाने के लिए स्कूल के पुस्तकालय में "हवा-गेंद" के मॉडल की प्रदर्शनी लगी थी. मिस रिचर्ड्स और हीरो प्रशंसक सोसायटी ने प्रदर्शनी के लिए उस मॉडल को उधार दिया था.

थैंक्स-हीरो, थैंक्स-हीरो, थैंक्स-हीरो, थैंक्स-हीरो

लाइब्रेरियन ने उस प्रतियोगिता का संचालन किया. उसने छात्रों से "हवा-गेंद" के मॉडल के उद्देश्य का अनुमान लगाने को कहा. कोई भी यह अनुमान नहीं लगा पाया कि वो भाप से चलने वाला पहला इंजन था.

आखिर वो दिन आ गया जब रहस्य का खुलासा हुआ. अखबार की सभी प्रतियों को लोगों ने जल्दी-जल्दी खरीदा. क्योंकि वे सभी यह जानने को बेहद उत्सुक थे कि हीरो आखिर कौन था और पुस्तकालय में रखा वो अजीब मॉडल क्या करता था.

जब ल्यूक और सोफी ने मिस रिचर्ड्स को अखबार की एक प्रति की तो वो बहुत रोमांचित हुईं.

अखबार की हैडलाइन थी : **छुपा रुस्तम हीरो!**

उस आविष्कारक से मिलें जिसके विचार सभी जगह हैं!

"तुम्हारा लेख बहुत अच्छा है!" मिस रिचर्ड्स ने कहा. "जो कोई उसे पढ़ेगा उसे यह पता चलेगा कि हीरो एक महान आविष्कारक था, और आज हम जो बहुत सी चीजों का उपयोग करते हैं, वो उसके ही विचारों का परिणाम है!"

वो क्या है? कोई अंदाज़ा लगाए??? वो दुनिया का पहला भाप से चलने वाला इंजन है!

"हीरो प्रशंसक सोसाइटी के अध्यक्ष के रूप में, मैं तुम दोनों को अपने क्लब का सदस्य मनोनीत करती हूं," मिस रिचर्ड्स ने घोषणा की. "आप हमारे साथ अपने विचार साझा कर सकते हैं और अन्य आविष्कारकों के साथ मिलकर प्रयोग कर सकते हैं, जैसा कि हीरो ने किया था. आप उन चीजों का भी आविष्कार कर सकते हैं जो आने वाले भविष्य को आकार देंगी और हजारों वर्ष बाद भी उपयोग की जाएँगी - बिल्कुल हीरो के आविष्कारों की ही तरह!"

"मुझे यह अच्छा लगा!" सोफी ने मुस्कुराते हुए कहा. "तुम्हें कैसा लगा, ल्यूक?"

"हाँ, मुझे यकीन है कि मैं भी कोई नया आविष्कार करूंगा," उसने हँसते हुए कहा. "एक दिन ल्यूक प्रशंसक सोसायटी स्थापित होगी यह सोच ही मुझे काफी रोमांचक लगता है!"

"बधाई हो! अब आप दोनों हीरो प्रशंसक सोसाइटी के आधिकारिक सदस्य हैं!"

वेंडिंग-मशीन, हर जगह

जब हीरो ने अपनी पवित्र जल वितरण मशीन का आविष्कार किया, तो उसे इस बात का कोई अनुमान नहीं था कि उसने चीज़ों को बेचने का एक बेहद सुविधाजनक और लोकप्रिय अविष्कार किया था. अन्य चीज़ों के साथ-साथ आज आप वेंडिंग मशीनों में से ताज़ा खाना, मोबाइल फोन और ज़िंदा केचुए तक खरीद सकते हैं!

underwear, pajamas, dried
squid, fresh steaks, tickets,
herbal remedies, pearl
necklaces, books, soft drinks,
tea, coffee, bags of rice,
batteries, jeans, eggs,
notebooks, bread, newspapers,
videotapes, live shrimp,

rogs, fresh fish, worms,
suckers, fortune cookies,
fortune-telling cards,
temporary tattoos, beef jerky,
comic books, business cards,
stuffed animals, watches,
cameras, envelopes, stamps,
flower arrangements, badges,
shavers, calculators, coffee,
cans, panty hose, poetry, books,
sandwiches, chips, ink, gas,

अंत